<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–12 जून 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- केंद्र सरकार ने प्रदेश के किसानों को दी बड़ी सौगात, अब न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी पर होगी मूंग और मूंगफली की खरीद।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकार के ग्यारह साल को बुनियादी ढांचे के विकास के दृष्टि से क्रांतिकारी बताया, कहा– सतत और दीर्घकालिक दृष्टि से प्रेरित है अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे के लिए भारत का प्रयास।
- रेल मंत्रालय ने अगले महीने से ऑनलाइन तत्काल टिकट बुकिंग के लिए आधार ओटीपी को किया अनिवार्य अब अधिकृत टिकट एजेंट भी तीस मिनट बाद ही बुकिंग विंडो से कर सकेंगे तत्काल टिकटों की बुकिंग।
- प्रदेश में भीषण गर्मी और लू से जनजीवन प्रभावित, मौसम विभाग ने जताई वर्षा की संभावना।

**********

केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश सरकार की मांग पर मूंगफली और मूंग को न्यूतम समर्थन मूल्य–एमएसपी पर खरीदने के लिए स्वीकृति दे दी है। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के बीच हुई वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री ने मूंगफली और मूंग को एमएसपी पर खरीदने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। केंद्रीय कृषि मंत्री ने यह भी आश्वासन दिया कि आवश्यकता पड़ने पर मूंगफली और मूंग के खरीद लक्ष्य में भी वृद्धि की जा सकती है। उन्होंने उड़द खरीद के बारे में प्रस्ताव मिलने पर उसके अनुमोदन का भी आश्वासन दिया। इससे पहले प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने केंद्रीय कृषि मंत्री को बताया कि प्रदेश में एक लाख साठ हजार हेक्टेयर में मूंग और एक लाख चौहत्तर हजार हेक्टेयर में मूंगफली की खेती वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस पचीस में की गई है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे के लिए भारत का प्रयास सतत और दीर्घकालिक दृष्टि से प्रेरित है। यह आत्मनिर्भर भारत की नींव रख रहा है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि बुनियादी ढांचे में क्रांति के ग्यारह साल हो गए हैं। इस दौरान बेहतरीन बुनियादी ढांचे बनाए गए हैं। इससे भारत के विकास में गति आई है। उन्होंने कहा कि रेलवे से लेकर राजमार्ग और बंदरगाह से हवाई अड्डा तक भारत का तेजी से फैल रहा बुनियादी ढांचा नेटवर्क जीवन को आसान बना रहा है और समृद्धि को बढ़ा रहा है।

**********

भारत ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक तक उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले ग्यारह वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। इसी कड़ी में आज, हम भारत के परिवहन बुनियादी ढांचे के परिवर्तन पर ध्यान केन्द्रित करते हुए जानकारी दे रहे हैं।

**राजमार्ग निर्माण का दैनिक औसत बढ़कर अब तक के उच्चतम स्तर 34 किलोमीटर प्रतिदिन पर पहुंच चुका है, जो 2014 की तुलना में लगभग तीन गुना है। भारतमाला परियोजना के अंतर्गत, आर्थिक गलियारे विकसित करने तथा रसद लागत को कम करने के लिए 20 हजार किलोमीटर से अधिक राजमार्गों का निर्माण किया गया है। वहीं, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 2014 से अब तक 7 लाख 80 हजार किलोमीटर से अधिक की लम्बाई की सड़कों के निर्माण के द्वारा ग्रामीण संपर्क 99 प्रतिशत पहुंच गया है। जबकि पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान ने एकीकृत बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 44 मंत्रालयों और 36 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों को ळप्ै–आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म पर एकीकृत किया है। 45 हजार किलोमीटर से अधिक रेल मार्ग का विद्युतीकरण किया गया है तथा तीन सौ 33 जिलों को जोड़ने वाली 68 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें चलाई जा रही हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1 हजार तीन सौ से अधिक रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। विमानन क्षेत्र में उडान योजना – उड़े देश का आम नागरिक के तहत 88 हवाई अड्डों को कार्यरत किया गया है। मेट्रो रेल कनेक्टिविटी अब 23 शहरों तक फैली हुई है, जिसके साथ भारत दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क बन गया है। सागरमाला कार्यक्रम के अंतर्गत बंदरगाहों और अंतर्देशीय जलमार्गों से जुड़ी 277 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। दुनिया की सबसे ऊँची चिनाब रेलवे ब्रिज, दुनिया की सबसे लंबी राजमार्ग सुरंग – अटल और दुनिया की सबसे बड़ी मूर्ती – स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, भारत के इंजीनियरिंग करिश्माओं के अविश्वनीय प्रतीक हैं। विष्णु की रिपोर्ट के साथ, शक्ति सिंह।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल मुजफ्फरनगर में संत समागम कार्यक्रम में शिरकत की। संत स्वामी ज्ञान भिक्षुक दास जी महाराज की पैंसठवीं पुण्यतिथि और सतगुरु समनदास जी महाराज की स्मृति में आयोजित समागम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि संतों ने समाज को एकता की राह दिखाई।

**गुरु रविदास जी महाराज का कथन एक नई प्रेरणा है और इसीलिए उन्होंने सामाजिक बुराइयों से दूर रहने के लिए समाज को एक नई प्रेरणा दी। उन्होंने कहा यह रविदास तब प्रसन्न रहेगा जब बिना भेदभाव के सबको समान रूप से अधिकार मिलेगा, सबको अन्न मिलेगा। संत रविदास जी महाराज की इन बातों को अक्षरशः किसी ने लागू किया। भारत के प्रधानमंत्री मोदी जी ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश का मान बढ़ाने वाले छात्र छात्राओं को आज लोकभवन में मुख्यमंत्री विद्यालयी खेल पुरस्कार दो हजार चौबीस पचीस से सम्मानित करेंगे। समारोह के दौरान स्वर्ण पदक विजेताओं को नकद पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र और मेडल दिये जाएंगे। वहीं, प्रदेश के सभी जिलों में आज ही आयोजित हो रहे मेधावी विद्यार्थी समारोह के दौरान राष्ट्रीय खेलों के रजत और कास्य पदक विजेता विद्यार्थियों को उनके जिलों में ही सम्मानित किया जाएगा।

**********

रेल मंत्रालय ने कहा है कि अगले महीने से केवल वे उपयोगकर्ता ही भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम –आईआरसीटीसी की वेबसाइट और ऐप के माध्यम से ऑनलाइन तत्काल टिकट बुक कर सकेंगे, जिन्होंने आधार के साथ अपना खाता प्रमाणित किया है। एक रिपोर्ट–

**नए बदलावों के तहत इस वर्ष 15 जुलाई से ऑनलाइन तत्काल बुकिंग के लिए आधार ओटीपी सत्यापन अनिवार्य होगा। कंप्यूटरीकृत यात्री आरक्षण प्रणाली काउंटरों और अधिकृत एजेंटों के माध्यम से बुक किए गए तत्काल टिकटों के लिए बुकिंग के समय उपयोगकर्ता के मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेज कर सत्यापन किया जाएगा। यह परिवर्तन तत्काल बुकिंग में पारदर्शिता बढ़ाने और यह सुनिश्चित करने के लिए लागू किए जा रहे हैं, ताकि इसका लाभ सही उपयोगकर्ताओं तक पहुंचे। भूपेंद्र सिंह के साथ आनंद कुमार आकाशवाणी, समाचार दिल्ली।**

रेलवे की नई व्यवस्था के अनुसार, एक साथ ज्यादा बुकिंग को रोकने के लिए, भारतीय रेलवे के अधिकृत टिकटिंग एजेंटों को भी बुकिंग विंडो के पहले तीस मिनट के दौरान तत्काल टिकट बुक करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**********

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर कल वाराणसी में विकसित कृषि संकल्प अभियान में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार कृषि को उन्नत बनाने के लिए नई तकनीक के विकास को बढ़ावा दे रही है।

**दो हजार चौदह के बाद प्रधानमंत्री जी आए तो मेरी समझ से ये लगा की ये किसानों के लिए ज्यादा चिंतित हैं। किसान की भलाई के लिए उसकी आमदनी को बढ़ाने के लिए कृषि की पैदावार दोगुनी हो इसमें आप वैज्ञानिक लोगों से पूछ सकते हैं की कितनी मेहनत उन्होंने की है और कितना जमीन पर उतारने का काम किया है।**

**********

ग्यारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए प्रदेश में व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। प्रदेश आयुष विभाग के राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र ने बताया कि योग दिवस पर राज्य के लगभग चार हजार स्थानों पर पांच हजार से अधिक प्रशिक्षक योगाभ्यास करायेंगे।

**योग प्रशिक्षक और योग सहायक के रूप में जो नियुक्त हुए हैं लोग उनको मास्टर ट्रेनर हम लोगों ने कहा है वो मास्टर ट्रेनर वो सबको ट्रेन कर रहे हैं। हमारी जो बहने है, मातृ शक्ति है उनके लिए अलग से जो बहुत सारे बुजुर्गों के लिए बहुत सारे ऐसे योग हैं जो उनको स्पेशली सिखाया जाता है जो हमारी एज ग्रुप के हिसाब से महिलाओं के हिसाब से तो उसके लिए फिर योग भी उनको सिखाया जाएगा। जिसे वह सालों भर वर्ष पर्यंत या योग करते रहे जिससे कि रोग में भी उनको लाभ मिले।**

**********

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू से जनजीवन प्रभावित है। कई पश्चिमी जिलों में तापमान पैंतालिस डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आज और कल लू जारी रहने की चेतावनी दी है। इस बीच, विभाग द्वारा प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमा हिस्सों में कहीं कहीं वर्षा और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की भी संभावना जताई है।

**********

संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी ने कल सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा दो हजार पचीस के परिणाम घोषित कर दिये। आयोग ने अपनी वेबसाइट पर मुख्य परीक्षा के लिए सफल उम्मीदवारों के रोल नंबर की सूची भी साझा की है।

**********